अमर उजाला 21/12/2025

पोस्टर बनाकर नशे के खिलाफ किया जागरूक

नशे के खिलाफ जागरूक करते विद्यार्थी। संस्थान

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में एंटी ड्रग क्लब ने प्रहरी क्लब के सहयोग से पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों व समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ, सकारात्मक और नशा-मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। विद्यार्थियों ने आकर्षक और संदेश पूर्ण पोस्टर तैयार किए, जिन्हें कॉलेज परिसर के प्रमुख स्थलों पर प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सरोज ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। मौके पर कॉलेज के सह-प्राध्यापक बृजेश, डॉ. मनजीत कौर व प्रियंका उपस्थित रहीं। संवाद